

# रिमांड पर 8 लाख रुपए लूटने वाले 4 आरोपी, दोस्त ने रची थी साजिश

- सायरखेड़ी के पास बिना नम्बर की
- गाड़ी से आए थे 3 नकाबपोश

**उज्जैन।** मामा के घर से 8 लाख रूपये लेकर लौट रहे युवक और उसके दोस्त को शुक्रवार-शनिवार रात तीन नकाबपोश बदमाशों ने रास्ते में रोक लूट लिया। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की। तभी पता चला कि लूट का मुख्य षडयंत्रकारी दोस्त है। उसे हिरासत में लिया और तीन अन्य बदमाशों को भी दबोच लिया गया। रविवार को न्यायालय में पेश कर चारों को रिमांड पर लिया गया है। चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि नागेश्वरधाम कालोनी में रहने वाला अनुराग पिता राजेन्द्रसिंह आंजना शुक्रवार शाम दोस्त अनिरूद्ध सेन के साथ तराना तहसील के ग्राम हालूखेड़ी में मामा ईश्वरसिंह के यहां पहुंचा था। जहां से 8 लाख रूपये लेकर एक्टिवा क्रमांक एमपी 13 ईवी 9130 से दोनों वापस उज्जैन लौट रहे थे। ग्राम सायरखेड़ी के पास बिना नम्बर की गाड़ी से आये 3 नकाबपोश बदमाशों ने रोका और बहन-बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए दोनों को सूनसान जगह ले गये। जहां मारपीट कर एक्टिवा की डिक्की में रखे 8 लाख रूपये लूटकर भाग निकले। अनुराग ने मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। तत्काल एसआई जयदीप राठौर, एएसआई दिनेश भाट, आरक्षक आनंद मिश्रा, सर्वेश और मनोज की टीम गठित की। इस दौरान अनुराग के दोस्त अनिरूद्ध पिता धर्मेन्द्र सेन निवासी गुदरी चौराहा पर संदेह हुआ, जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो वह टूट गया और अपने 3 साथियों रोहित पिता राकेश बनोलिया 23 साल निवासी तिरुपतिधाम कालोनी, आलोक उर्फ बुद्धा पिता लालू उर्फ अनिल लोट 22 साल निवासी दिल्ली दरबाजा भैरवगढ और यश पिता विनेश सोलंकी 23 सार्ल निवासी द्रविड़ मार्ग बहादुरगंज के साथ मिलकर लूट करना स्वीकार कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार चारों आरोपियों के गिरफ्त में आने पर उनके पास से लूटे गये 8 लाख में से 5 लाख रूपये बरामद कर लिये गये हैं।

### स्कॉर्पियो खरीदने के लिए लाया था

अनुराग ने लूट होने के बाद पुलिस को बताया कि कुछ माह पहले उसने अपनी 1 बीघा जमीन 18 लाख में बेची थी। रूपये मामा के यहां रखे थे। वह एल्युमिनियम की दुकान चलाता है। उसे व्यापार मेले से स्कार्पियों खरीदना थी। जिसके चलते मामा के यहां से रूपये लेने गया था। उसने दोस्त अनिरुद्ध को रुपये लेकर आने की बात बताई थी। लौटते समय अनिरूद्ध ने एक्टिवा चलाने की बात कहीं। अनिरुद्ध गाड़ी चला रहा था, वह पीछे बैठ था। तभी रास्ते में बदमाशों ने रोक लिया।

# रंगपंचमी पर दिखे खुशियों के रंग, मुख्यमंत्री के संग

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रंग पंचमी के अवसर पर संत नगर से टावर चौक तक आमजन संग रंग गुलाल पानी और फूलों की होली खेली। शहरवासीयो पर फूलों की वर्षा कर उन्होंने उत्सव का आनंद साझा किया और सभी को रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं।

श्री कृष्ण सुदामा रंग उत्सव यात्रा में शामिल होने आई नगर की जनता ने मुख्यमंत्री का उत्साहपूर्वक स्वागत और अभिनंदन किया। डेढ़ किलोमीटर के मार्ग पर दोनों छोर पर हाथ में रंग गुलाल और पुष्प लिए लोग खड़े दिखाई दिए रहे थे और सीएम मोहन यादव का जब रथ आया तो सभी ने उन्हें रंग गुलाल उड़ाकर बधाई दी। रंग पंचमी के अवसर पर टावर चौक पर हजारों लोग एक साथ नाचते-गाते दिखाई दिए। पूरे आयोजन में मालवी परंपरा की सोंधी खुशबू भी महसूस की गई, जिसने इस उत्सव को और अधिक विशेष बना दिया। इस दौरान टावर चौक पर आम जनता के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्राचीन अवंतिका नगरी में सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल के समय सैनिक छावनियों से विजयी ध्वज और प्रतीक चिह्न लेकर चल समारोह निकाला जाता था और उसी के साथ उत्सव मनाया जाता था। बाद में इसी परंपरा को गेर के नाम से जाना जाने लगा। उन्होंने कहा कि यह परंपरा आज भी उज्जैन की सांस्कृतिक पहचान बनी हुई है और हमारे गौरव का प्रतीक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर में परंपरागत रूप से निकलने वाले ध्वज चल समारोह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखते हैं। इस परंपरा को आगे भी बनाए रखने के लिए उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिए कि नगर में निकलने वाली गेर के लिए सवा-सवा लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान की जाए।



### खुले मंच पर उतरे मुख्यमंत्री-सबसे महत्वपूर्ण रंग दिलों के होते हैं

रविवार को रंग पंचमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन पहुंचे और टावर चौक पर बने मंच पर बड़ी संख्या में नीचे मौजूद लोगों के साथ फूलों की होली खेली। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे हर्षोल्लास के साथ रंग पंचमी का पर्व मनाया गया।टावर चौक पर बनाए गए मंच से मुख्यमंत्री ने गुलाब के फूलों की वर्षा कर लोगों के साथ होली खेली।इस दौरान उन्होंने कहा कि यह फूल हमें यह संदेश देते हैं कि जीवन में अनेक रंग हो सकते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण रंग दिलों के होते हैं, जिनमें आपसी सम्मान, भाईचारा और देशभक्ति का भाव समाहित रहता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि रंग पंचमी का यह पर्व लोगों के जीवन में आत्मीयता, प्रेम और स्नेह को बढ़ाने वाला है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां और अपनापन लेकर आए।

## गोली चलने की खबर से 4 थानों की पुलिस हुई परेशान

**उज्जैन। मुख्यमंत्री के गृह नगर में होने के साथ कृष्ण सुदामा रंग उत्सव के आयोजन में सुरक्षा की कमान संभाल रही पुलिस उसे वक्त परेशान हो गई जब कुख्यात बदमाश की गोली मारकर हत्या किए जाने की खबर फैल गई। चार थानों की पुलिस एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र दौड़ती रही। करीब एक से डेढ़ घंटे बाद हत्या की खबर अफवाह होना सामने आई।**

दोपहर 2 बजे के लगभग कृष्ण सुदामा रंग उत्सव का समापन होने जा रहा था उसी दौरान खबर फैली की मक्सी रोड पर गोली चली है और बदमाश रौनक गुर्जर की हत्या हो गई है। पंवासा पुलिस जांच के लिए निकल पड़ी। कुछ देर बाद घटना नागझिरी में होना सामने आया, तो नागझिरी पुलिस ड्यूटी व्यवस्था छोड़कर निकली। माधव नगर और चिमनगंज पुलिस भी घटना का पता लगाने के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचने लगी। 1 घंटे तक घटनास्थल की जानकारी सामने नहीं आ पाई नही कोई पुख्ता सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। चिमनगंज थाना पुलिस रौनक गुर्जर के घर ढांचा भवन पहुंची जहां ताला लगा होना सामने आया, रौनक और उसके परिवार से संपर्क करने के प्रयास शुरू किए गए आधे घंटे बाद रौनक से मोबाइल पर पुलिस की चर्चा हुई इस दौरान उसके सुरक्षित होने की जानकारी सामने आई। वह शहर से बाहर था, उसे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस से मिली तो रौनक ने अपने सुरक्षित होने का मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर जारी किया। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। करीब डेढ़ घंटे तक चार थानों की पुलिस घटना का पता लगाने के लिए परेशान होती रही।

## मीरा माधव मंदिर प्रांगण में मना होली मिलन

- राहुल और यशवंत दरबार मित्र मंडल का आयोजन

**उज्जैन।** मक्सी रोड पंवासा स्थित मीरा माधव मंदिर प्रांगण में राहुल दरबार एवं यशवंत दरबार मित्र मंडल द्वारा रंग पंचमी महोत्सव और होली मिलन समारोह का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय रहवासी और मित्र मंडल के सदस्य उपस्थित रहे और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए राहुल दरबार और यशवंत दरबार ने बताया कि मित्र मंडल द्वारा वर्ष भर कई धार्मिक और सामाजिक कार्य किए जाते हैं। इसी कड़ी में इस वर्ष पहली बार आनंद सिंह खींची के मार्गदर्शन में यह रंग पंचमी महोत्सव मनाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से राहुल दरबार, यशवंत दरबार, बंटी कलोदीया, संजय पंवार, अशोक डाबी, महेश परमार, सलीम शाह और गजेंद्र देशमुख का विशेष सहयोग रहा।

### एक नजर में

## मेरा युवा भारत शिविर का समापन



**उज्जैन।** भारत सरकार के उपक्रम मेरा युवा भारत के अंतर्गत अंतरजिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत उज्जैन में आयोजित 5 दिवसीय शिविर का शनिवार को समापन हो गया। इस शिविर में झाबुआ जिले से आए 37 युवाओं के दल ने भाग लिया और उज्जैन सहित पूरे मालवा क्षेत्र की संस्कृति, साहित्य, इतिहास और परंपराओं को करीब से जाना। मेरा युवा भारत के जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिलाष म्हसके ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उज्जैन जिले की सांस्कृतिक विरासत, जीवन शैली और परंपराओं से परिचित कराना था, ताकि उनमें राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके। शिविर के दौरान युवाओं के लिए बौद्धिक सत्र, योग एवं ध्यान, व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण, समूह चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा युवाओं को उज्जैन के प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्होंने मालवा की समृद्ध संस्कृति को समझा। शिविर के विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों ने युवाओं को जीवन कौशल, नेतृत्व विकास और समाज में उनकी भूमिका को लेकर मार्गदर्शन दिया। प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन भी किया। इसके साथ ही युवाओं ने उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया के साथ चाय पर चर्चा कर उज्जैन के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तार से जाना। संचालन लोकेन्द्र तंवर द्वारा किया गया। समापन अवसर पर सभी 37 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर दारा सिंह चौधरी, संजय राज, डॉ. दिलीप परमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क अंग पाकर खिले चेहरे




**उज्जैन।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर के दूसरे दिन विशेष रूप से दिव्यांग मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए जरूरतमंद दिव्यांगों को नि:शुल्क अंग आदि वितरित किए गए। इन्हें प्राप्त कर लाभान्वित लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए संगठन का आभार व्यक्त किया। शिविर संयोजक पराग काबरा और भगवान शर्मा के अनुसार, दूसरे दिन शिविर का अवलोकन करने के लिए कई विशिष्ट अतिथि पधारे। इनमें भाजपा युवा मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय मंत्री ध्वनि शर्मा, कुक्षी जिले की पटवारी, इंदौर बीएम ग्रुप्स के डायरेक्टर व समाजसेवी मनीष पटेल और भारत विकास परिषद के रीजनल अधिकारी सुनील सिंहल शामिल रहे। अतिथियों ने शिविर का जायजा लिया और इस आयोजन को सच्ची मानव सेवा करार दिया। इस पूरे आयोजन में दिव्यांग बंधुओं के रहने, भोजन और नि:शुल्क अंग वितरण की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में व्यापक जनभागीदारी देखने को मिली। इस पुनीत कार्य में भगवान महावीर सेवा समिति के ओम शर्मा सहित भीलवाड़ा से पधारे कैलाश बलदेवा, सरोज यादव, खेमजी भाई चंदन, मोहन हिंगोल, मनीषा गर्ग, जया परिहार, रवींद्र शाह, चिराग शाह, अदिति साबू, कैलाश वेद, सुनील श्याम माहेश्वरी, अभिषेक गोयल, डॉ. अविनाश बुंदीवाल, डॉ. स्वप्निल पेंढारकर, संजय अग्रवाल, रुद्रेश शर्मा और दिनेश महाजन आदि का विशेष सहयोग रहा।

## श्रीकृष्ण सुदामा रंग उत्सव के पश्चात मार्ग को किया साफ

**उज्जैन। रंग पंचमी के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में रविवार को श्री कृष्ण सुदामा रंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की तादाद में शहरवासियों द्वारा इस आयोजन में सम्मिलित होकर रंग गुलाल के साथ रंगपंचमी पर्व को मनाया गया।**

एक ओर जहां रंग उत्सव के दौरान संपूर्ण मार्ग पर रंग, गुलाल, फूल, कपड़े, चप्पल इत्यादि मार्ग पर फैले हुए थे जिन्हें तत्काल साफ किया जाना आवश्यक था। इसके साथ शहर के अन्य स्थानों पर भी नागरिकों ने जमकर रंग खेला और सड़कों को रंगों से सराबोर कर दिया। नगर निगम ने प्रमुख चौराहों के साथ ही सड़कों सफाई मित्रों से साफ कराया और जहां पर प्रतिमाएं स्थापित थी उन स्थानों को फायर फाइटर से धुलवाया गया। जिसके क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार सफाई मित्रों द्वारा सफाई कार्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए तत्परता से कार्य करते हुए सम्पूर्ण मार्ग को साफ एवं स्वच्छ बनाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। सफाई कार्य के दौरान मार्ग से निकलने वाले नागरिकों द्वारा भी निगम द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए प्रशंसा की गई की जिस प्रकार नगर निगम द्वारा सफाई के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए स्वच्छता अभियान में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

## कैंसर जागरूकता के लिए निकाली कार रैली

- 130 कारों के साथ सड़कों पर उतरीं 200 से अधिक महिलाएं

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीतो लेडीज़ विंग उज्जैन द्वारा समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ड्राइव विद पर्पस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक आयोजन में 200 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगभग 130 कारों के माध्यम से शहर के प्रमुख मार्गों पर जागरूकता रैली निकाली।

इस रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को कैंसर एवं थैलेसीमिया जैसी बीमारियों के प्रति सचेत करना तथा समय पर जांच और उपचार का संदेश देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलावती यादव, डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, डॉ. आकांक्षा यादव, डॉ. जूही भटनागर, डॉ. अंशु घोष और ओम जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया, जिसके बाद कारों का काफिला स्वास्थ्य एवं सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश के साथ शहर में निकला। रैली के समापन पर आयोजित जागरूकता सत्र में डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, डॉ. जूही भटनागर और डॉ. अंशु घोष ने महिलाओं को कैंसर और थैलेसीमिया से बचाव, नियमित जांच और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्वपूर्ण तकनीकी सुझाव दिए।

### सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अनिवार्य

आयोजन की सफलता पर जीतो लेडीज़ विंग उज्जैन की चेयरपर्सन मंजू सूर्या ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों और सहभागी महिलाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम अनिवार्य हैं और भविष्य में भी संस्था द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़े ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। बता दें कि डॉ. सतिंदर सलूजा सभी समाजिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेती है। अधिकांश कार्यक्रम उसमें जागरूकता के रहते हैं।

## भारत में महिला के बिना कोई दिवस नहीं होता : सभापति कलावती यादव

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में सम्राट विक्रमादित्य नारी अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति कलावती यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भले ही एक दिन का हो, लेकिन भारत में महिला के बिना कोई दिवस पूर्ण नहीं होता। उन्होंने कहा कि महिला हमारी संस्कृति में परिवार की धुरी और उसे बांधने वाली अहम कड़ी है। समाज और परिवार में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है और आज हर क्षेत्र में पुरुषों द्वारा महिलाओं को प्रोत्साहित किया जाना हर्ष का विषय है।अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु अर्पण भारद्वाज ने की। स्वागत भाषण डॉ. ज्योति उपाध्याय दिया। बैंक ऑफ इंडिया के जोनल मैनेजर अजीत शरण ने अपने अनुभव साझा किए। सम्राट विक्रमादित्य नारी अलंकरण समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कला के क्षेत्र में पल्लवी लोहानी और लक्ष्मी कुशवाहा, खेल में फरहीन दहलवी, नर्मदा धाकड़, दुर्गेश नंदिनी एवं प्रियंका नरवरिया को सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में प्रोफेसर दीपिका गुप्ता, कर्णगी ठाकुर और यशी श्रीवास्तव को अलंकरण प्रदान किया गया।




### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर डॉ. कमलेश दशोरा, डॉ. एसके मिश्रा, डॉ. संग्राम भूषण, डॉ. कनिया, डॉ. बुनकर, राज बोरिया, डॉ. जफर महमूद, डॉ. अंजली श्रीवास्तव, डॉ. नयनतारा डामोर सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन रुचिका खंडेलवाल ने किया। आभार प्रदर्शन प्रोफेसर उमा शर्मा द्वारा किया गया।

## प्रेमचंद की कथाओं में नारी चित्रण पर काव्य पाठ आज

- शोध पीठ में जुटेंगी शहर की साहित्यकार और कवयित्रियां

**उज्जैन।** प्रेमचंद सृजनपीठ द्वारा साहित्य अकादमी, मप्र संस्कृति परिषद के तत्वावधान में विक्रमादित्य शोध पीठ में आज प्रात: 11 बजे से प्रेमचंद की कथाओं में नारी चित्रण विषय पर विमर्श एवं कवयित्रियों के काव्य पाठ होगा। प्रेमचंद सृजनपीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने बताया कि विमर्श सत्र की मुख्य अतिथि निगम सभापति कलावती यादव होंगी और सारस्वत अतिथि डॉ. अनामिका चक्रवर्ती रहेंगी। अध्यक्षता डॉ. कल्पना सिंह करेंगी। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेमलता चुटैल और प्राध्यापक डॉ. प्रीति पांडे अपने विचार साझा करेंगी। इस विमर्श सत्र का संचालन डॉ. नेत्रा रावणकर करेंगी। द्वितीय सत्र में काव्य पाठ होगा, जिसमें डॉ. पुष्पा चौरसिया, डॉ. नेत्रा रावणकर, प्रेमशीला श्रीवास्तव, शारदाश्री, निशा पंडित, डॉ. अनामिका सोनी, संयोगिता शर्मा, संगीता तल्लेरा, डॉ. नीता जाधव, डॉ. अभिलाषा शर्मा और नेहा दुबे अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगी। संचालन वैशाली शुक्ला करेंगी। सृजनपीठ द्वारा आगामी दिनों में मालवी-निमाड़ी लोकभाषा कवि सम्मेलन और व्यंग्य विमर्श-पाठ का आयोजन भी किया जाएगा।

## मधुमेह जांच शिविर में 37 की जांच, 6 नए मरीज मिले

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन कपल द्वारा मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 37 व्यक्तियों की मधुमेह जांच की गई, जिनमें 6 नए मरीज सामने आए। आरजी पाठक और लायंस ऑफ उज्जैन के समन्वयक नरेंद्र खंडेलवाल के आतिथ्य में आयोजित शिविर डॉ. राहुल नागर के क्लिनिक पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत क्लब अध्यक्ष वंदना एस अग्रवाल और सचिव रेखा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान क्लब के चार्टर अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सरला अग्रवाल, रितेश-पूजा शर्मा, अजय-पुष्पा गर्ग, महेश-निशा हरभजनका, अमित-अनुराधा गुप्ता, वाईके दुबे, निशा दुबे, शुभम् नागर और सुनील बी अग्रवाल उपस्थित रहे।

**महाकाल में रंगपंचमी** ▶ सभा मंडप में श्री वीर भद्र भैरव की आरती कर तलवार भी घुमाई-गमहाकाल को भस्मारती में एक लोटा केसर युक्त रंग चढ़ाया

# रंगपंचमी पर मुख्यमंत्री ने किया महाकाल व गेर के ध्वज का पूजन

**उज्जैन।** मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को रंगपंचमी पर्व के अवसर पर सुबह सबसे पहले ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर पहुंचकर गर्भगृह में जाकर पूजन-अर्चन किया। इसके बाद उन्होंने शाम को नगर में निकली गेर के ध्वज का पूजन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव केसरिया सोला पहनकर मंदिर पहुंचे। उन्होंने गर्भगृह में भगवान का पंचामृत से अभिषेक किया। मुख्यमंत्री का पूजन जितेंद्र पुजारी व आकाश पुजारी ने संपन्न कराया। मुख्यमंत्री ने नंदीहाल में नंदी को जल चढ़ाया व पूजन भी किया। इसके बाद वे सभामंडप में पहुंचे जहां उन्होंने गेर में निकलने वाले ध्वज एवं वीर भद्र भैरव नाथ का पूजन व आरती की। इस अवसर पर पुजारी आशीष गुरु, संजय पुजारी, पुरोहित सत्यनारायण जोशी, पुरोहित विनोद गुरु, पुरोहित रूपम गुरु सहित बड़ी संख्या में पुजारी-पुरोहित मौजूद रहे। पुजारियों के निवदेन पर मुख्यमंत्री ने सभा मंडप में ढोल पर तलवार घुमाकर शौर्य का प्रदर्शन भी किया। महाकाल मंदिर से शाम 6 बजे सभामंडप में परंपरागत ध्वज-पूजन के पश्चात झांकियों के साथ रंगारंग गेर शुरू हुई। पूजन में नगर के जनप्रतिनिधि, प्रशासन, पुलिस व मंदिर समिति के अधिकारी व पंडे-पुजारी शामिल रहे। गेर में परंपरागत रूप से श्री वीरभद्र भैरवनाथ का रथ, सेहरा दर्शन की झांकी के अलावा नंदी पर सवार शिव सहित और भी कई रोशनी से झिलमिलाती धार्मिक प्रसंगों पर बनाई गई झांकियां निकली तो मधुर स्वर लहरियां बिखेरते इंदौर, उज्जैन व बाहर से बुलाए गए प्रसिद्ध बैंड ने प्रस्तुतियां दी।51 ध्वज के साथ चांदी का एक ध्वज भी गेर में शामिल था। रंगपंचमी पर रविवार को तड़के 4 बजे हुई भस्मारती में सबसे पहले भगवान महाकाल को पुजारियों ने एक लोटा केसरिया रंग अर्पित किया। वहीं आधा किलो हर्बल गुलाल चढ़ाकर होली खेली।



### महाकाल में 14 किलो चांदी के आभूषण आए

महाकाल मंदिर में एक भक्त ने साढ़े 14 किलो चांदी के आभूषण गुप्त दान में दिए महाकाल मंदिर में एक भक्त ने साढ़े 14 किलो चांदी से बने कीमती आभूषण गुप्त रूप से दान किए। यह आभूषण भक्त ने मंदिर के पुरोहित पंडित रूपम शर्मा, पंडित नवनीत शर्मा की प्रेरणा से भस्म आरती के दौरान दान किए। नंदीहाल में भक्त ने चांदी के आभूषण मंदिर समिति को भेंट किए। आभूषण में चांदी का मुकुट, कुण्डल, कलश, छत्र, त्रिपुंड, नेत्र, बिल्वपत्र, चंद्र, चौकी आदि शामिल है।